Seventeenth Loksabha

an>

Ttile: Issue regarding taking up of Question Hour and other legislative business in the House.

श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर): सर, मेरी पार्टी की तरफ से एक निवेदन है । सदन की समय-सीमा बढ़ा दी गई है, वह भी हम जैसे विपक्ष से बिना पूछे ।

दूसरी बात यह है कि इस सदन का समय बढ़ाने के चलते हम सब मेम्बर्स को क्वेश्चन आवर की जो सुविधा मुहैया होती थी, उससे हम वंचित हो गए ।

सर, अगर आप 11 बजे से लेजिस्लेटिव बिजनेस शुरू कर देंगे तो हमारे सदस्यों को क्वेश्चन आवर में जो मौका मिलना चाहिए था, उससे वे वंचित हो जाएंगे । मेरा एक निवेदन है कि पहले जो क्वेश्चन आवर था, उस क्वेश्चन आवर को ज़ीरो आवर में तब्दील किया जाए ।

सर, यह हमारी माँग है, आप इसे मान लीजिए ।

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्यगण, मैं आज भी शून्य काल चलाऊंगा और सभी माननीय सदस्यों की जो भावना है, उसको देखते हुए हर दिन व्यवस्था दूंगा कि किसी न किसी समय शून्य काल चलाया जाए । आज एक महत्वपूर्ण बिल है, जिस पर सभी माननीय सदस्यों को अपनी बात कहनी है, इसलिए मैं इस बिल के बाद शून्य काल को शुरू करूंगा ।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: मैं आप सभी माननीय सदस्यों को शून्य काल में मौका दूंगा ।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: आइटम नं. 1, महासचिव ।